# झारखण्ड सरकार,
## कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग
### –:: अधिसूचना ::–

राँची, दिनांक– 09.11.23

**संख्या–15/सा०अव०–03–05/2023 का०–** 6371 भारत सरकार, गृह मंत्रालय की अधिसूचना संख्या–20–25–56–पर्व–1, दिनांक–8 जून, 1957 के साथ वाचित परक्राम्य लिखत अधिनियम (निगोशिएबुल इन्स्ट्रूमेन्ट्स एक्ट, 1881) 26–1881 की धारा–25 के स्पष्टीकरण द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए झारखण्ड राज्यपाल, वर्ष 2024 में संलग्न अनुसूची–1 में अंकित पर्व/अवसरों पर राजपत्रित अवकाश घोषित करते हैं।

2. वर्ष 2024 में संलग्न अनुसूची–2 में अंकित तिथियों को कार्यपालक आदेश के तहत झारखण्ड राज्य सरकार के अधीन सभी कार्यालय एवं राजस्व कार्यालय बन्द रहेंगे।

3. भारत सरकार, वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग के अर्द्ध सरकारी पत्र संख्या–41/2/98 बी०ओ० II दिनांक–09 अगस्त, 2002 एवं पत्रांक–1/22/2012–बी०ओ०-II दिनांक–09 जनवरी 2013 के साथ वाचित परक्राम्य लिखत अधिनियम (एन॰आई॰ एक्ट, 1881)–26–1881 की धारा 25 के स्पष्टीकरण द्वारा प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए झारखण्ड राज्यपाल वर्ष 2024 में सम्पूर्ण राज्य में संलग्न अनुसूची–3 में अंकित बैंक वार्षिक लेखा बंदी अवकाश घोषित करते हैं।

**टिप्पणीः–** i. चांद के दृष्टिगोचर होने के अनुसार मुस्लिम त्योहारों के लिए निर्धारित अवकाश की तिथि में परिवर्तन किया जा सकता है।

ii. राज्य सरकार के अधीन सचिवालय एवं संलग्न कार्यालयों में पाँच दिवसीय कार्य सप्ताह प्रणाली तथा क्षेत्रीय कार्यालयों में छः दिवसीय कार्य सप्ताह प्रणाली पूर्ववत लागू रहेगी।

iii. अनुसूची–3 में उल्लिखित बैंक लेखा वार्षिक बन्दी सरकारी अधिष्ठानों/कार्यालयों पर लागू नहीं होगा।

**झारखण्ड राज्यपाल के आदेश से,**

09/11/2023
**(आसिफ हसन)**
**सरकार के उप सचिव।**

**ज्ञापांक–15/सा०अव०–03–05/2023 का०–** 6371 **राँची, दिनांक–** 09.11.23

**प्रतिलिपि–** नोडल पदाधिकारी, ई–गजट, कार्मिक, प्र०सु० तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड, राँची को झारखण्ड ई–गजट के असाधारण अंक में प्रकाशन हेतु प्रेषित।

09/11/2023
**सरकार के उप सचिव।**

G/RANA/NOTIFICATION HOLIDAY 2024

ज्ञापांक–15/सा०अव०–03–05/2023 का०– 6371 राँची, दिनांक– 09.11.23

**प्रतिलिपि–** सरकार के सभी विभाग/सभी विभागाध्यक्ष/राज्यपाल के प्रधान सचिव/मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव/सभी मंत्रीगण के आप्त सचिव/सभी प्रमंडलीय आयुक्त/सभी उपायुक्त/महानिबंधक, झारखण्ड उच्च न्यायालय, राँची/प्रभारी सचिव, झारखण्ड विधान सभा/सचिव, झारखण्ड लोक सेवा आयोग/सचिव, झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग/मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखण्ड, राँची/महालेखाकार, झारखण्ड, राँची/बिहार, पटना/सचिव, गृह मंत्रालय,/कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली/संयुक्त सचिव, आर्थिक कार्य विभाग (बैकिंग प्रभाग), जीवन दीप, पार्लियामेंट स्ट्रीट, नई दिल्ली/स्थानिक आयुक्त, झारखण्ड भवन, नई दिल्ली/सभी राज्यों/केन्द्रशासित प्रदेशों के मुख्य सचिव/मुख्य आयकर आयुक्त, झारखण्ड, राँची/आयुक्त, केन्द्रीय उत्पाद, झारखण्ड, राँची/सभी राष्ट्रीयकृत बैंकों के झारखण्ड स्थित क्षेत्रीय कार्यालय के महा/उप प्रबंधक/भारतीय स्टेट बैंक, क्षेत्रीय कार्यालय, झारखण्ड, राँची/रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया, झारखण्ड, राँची, बिहार, पटना/आकाशवाणी, राँची/दूरदर्शन, राँची/भारतीय जीवन बीमा निगम लिमिटेड, राँची/जेनरल इन्स्योरेंस कम्पनी, राँची/स्टेशन प्रबंधक, रेलवे जंक्शन, राँची को सूचनार्थ प्रेषित।

09/11/2023

**सरकार के उप सचिव।**

# अनुसूची–1

## वर्ष 2024 के लिए झारखण्ड राज्य में एन०आई०एक्ट,1881 के तहत घोषित अवकाश

| क्रं० सं० | अवकाश का नाम | ग्रिगेरियन कैलेण्डर के अनुसार तिथि | राष्ट्रीय पंचांग के अनुसार तिथि (शक संवत 1945/1946) | सप्ताह के दिन | दिनों की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | गणतंत्र दिवस | 26 जनवरी | माघ – 06 | शुक्रवार | 1 |
| 2. | महाशिवरात्रि | 08 मार्च | फाल्गुन – 18 | शुक्रवार | 1 |
| 3. | होली | 25 मार्च | चैत्र – 05 | सोमवार | 1 |
| 4. | गुड फ्राईडे | 29 मार्च | चैत्र – 09 | शुक्रवार | 1 |
| 5. | ईद– उल– फितर/सरहुल | 11 अप्रैल | चैत्र – 22 | गुरूवार | 1 |
| 6. | राम नवमी | 17 अप्रैल | चैत्र – 28 | बुधवार | 1 |
| 7. | बुद्ध पूर्णिमा | 23 मई | ज्येष्ठ – 02 | गुरूवार | 1 |
| 8. | ईद–उल–जुहा (बकरीद) | 17 जून | ज्येष्ठ – 27 | सोमवार | 1 |
| 9. | मुहर्रम | 17 जुलाई | आषाढ़ – 26 | बुधवार | 1 |
| 10. | स्वतंत्रता दिवस | 15 अगस्त | श्रावण – 24 | गुरूवार | 1 |
| 11. | जन्माष्टमी | 26 अगस्त | भाद्र – 04 | सोमवार | 1 |
| 12. | करमा पूजा | 14 सितम्बर | भाद्र – 23 | शनिवार | 1 |
| 13. | मिलाद–उन–नबी या ईद–ए–मिलाद (पैग़म्बर मोहम्मद का जन्म दिवस) | 16 सितम्बर | भाद्र – 25 | सोमवार | 1 |
| 14. | महात्मा गाँधी का जन्म दिवस | 02 अक्टूबर | आश्विन – 10 | बुधवार | 1 |
| 15. | महाअष्टमी/महानवमी | 11 अक्टूबर | आश्विन – 19 | शुक्रवार | 1 |
| 16. | विजयादशमी | 12 अक्टूबर | आश्विन – 20 | शनिवार | 1 |
| 17. | दीपावली | 31 अक्टूबर | कार्तिक – 09 | गुरूवार | 1 |
| 18. | सूर्य षष्ठी डाला छठ (सायं अर्ध्य) | 07 नवम्बर | कार्तिक – 16 | गुरूवार | 1 |
| 19. | सूर्य षष्ठी डाला छठ (प्रातः अर्ध्य) | 08 नवम्बर | कार्तिक – 17 | शुक्रवार | 1 |
| 20. | गुरूनानक जयंती | 15 नवम्बर | कार्तिक– 24 | शुक्रवार | 1 |
| 21. | क्रिसमस | 25 दिसम्बर | पौष – 04 | बुधवार | 1 |
| | कुल दिन | | | | 21 |

टिप्पणीः– होलिका दहन–24 मार्च, अम्बेदकर जयंती–14 अप्रैल एवं महावीर जयंती–21 अप्रैल को रविवारीय अवकाश पड़ने के कारण उक्त तिथि को अलग से अवकाश घोषित नहीं किया गया है, तथापि वैसे प्रतिष्ठान जहाँ रविवार सामान्य कार्यदिवस होता है, के लिए उक्त तिथि को अवकाश रहेगा।

# अनुसूची–2

## वर्ष 2024 के लिए झारखण्ड राज्य में कार्यपालक आदेश के तहत घोषित अवकाश

| क्रं० सं० | अवकाश का नाम | ग्रिगेरियन कैलेण्डर के अनुसार तिथि | राष्ट्रीय पंचांग के अनुसार तिथि (शक संवत 1945/1946) | सप्ताह के दिन | दिनों की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मकर संक्राति | 15 जनवरी | पौष – 25 | सोमवार | 1 |
| 2. | सुभाष चन्द्र बोस जयंती | 23 जनवरी | माघ – 03 | मंगलवार | 1 |
| 3. | बसंत पंचमी | 14 फरवरी | माघ – 25 | बुधवार | 1 |
| 4. | संत रविदास जयंती | 24 फरवरी | फाल्गुन – 05 | शनिवार | 1 |
| 5. | मजदूर दिवस | 01 मई | वैशाख – 11 | बुधवार | 1 |
| 6. | विश्व आदिवासी दिवस | 09 अगस्त | श्रावण – 18 | शुक्रवार | 1 |
| 7. | रक्षा बंधन | 19 अगस्त | श्रावण – 28 | सोमवार | 1 |
| 8. | गणेश चतुर्थी | 07 सितम्बर | भाद्र – 16 | शनिवार | 1 |
| 9. | विश्वकर्मा पूजा | 17 सितम्बर | भाद्र – 26 | मंगलवार | 1 |
| 10. | शारदीय नवरात्र/कलश स्थापन | 03 अक्टूबर | आश्विन – 11 | गुरुवार | 1 |
| 11. | दशहरा (महासप्तमी) | 10 अक्टूबर | आश्विन – 18 | गुरुवार | 1 |
| 12. | गोर्वधन पूजा | 02 नवम्बर | कार्तिक – 11 | शनिवार | 1 |
| | **कुल दिन** | | | | 12 |

**टिप्पणीः–** सोहराय–14 जनवरी, हूल दिवस–30 जून, रथ यात्रा–07 जुलाई एवं भातृ द्वितीय (भैया दूज)/चित्रगुप्त पूजा–03 नवम्बर को रविवारीय अवकाश पड़ने के कारण अलग से अवकाश घोषित नहीं किया गया है, तथापि वैसे प्रतिष्ठान जहाँ रविवार सामान्य कार्यदिवस हो, वहाँ उक्त तिथि को अवकाश रहेगा।

**(ii) भगवान बिरसा मुण्डा जंयती/राज्य स्थापना दिवस–15 नवम्बर को गुरुनानक जयंती के अवसर पर एन०आई०एक्ट के तहत अवकाश घोषित होने के कारण कार्यपालक आदेश के तहत अलग से अवकाश घोषित नहीं किया गया है।**

# अनुसूची–3

वर्ष 2024 में एन०आई०एक्ट,1881 के तहत बैंक लेखा बन्दी अवकाश

| क्रं० सं० | अवकाश का नाम | ग्रिगेरियन कैलेण्डर के अनुसार तिथि | राष्ट्रीय पंचांग के अनुसार तिथि (शक संवत 1945/1946) | सप्ताह के दिन | दिनों की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | बैंक लेखा की वार्षिक बंदी | 01 अप्रैल | चैत्र – 12 | सोमवार | 1 |
| | कुल दिन | | | | 01 |